जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन


देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

ہمارا وطن ہفت روزہ

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र
कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 61 अंक-28 जयपुर, सोमवार, 28 जुलाई, 2025 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

# सर्व समाज जागृति संघ ने मनाया तुलसी दिवस

## ❒ स्कूली बच्चों को वितरित की पाठ्य सामग्री ❒ पत्रकार सम्मान समारोह का हुआ आयोजन







**अलवर (हमारा वतन)।** राजगढ़ कस्बे में स्थित राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय नं. 2 में सर्व समाज जागृति संघ के संस्थापक अध्यक्ष एवं बृजवासी गौरक्षक सेना भारत के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा ने स्कूली बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीणा ने की। शिक्षा अधिकारी मीणा ने कहा हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत प्रत्येक विद्यार्थी को एक पेड़ मां के नाम लगाकर उसकी देखभाल की जिम्मेदारी लेनी होगी।

इस मौके पर मुख्य अतिथि सुरेश चंद शर्मा ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ मन लगाकर अध्ययन करने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावक, महिलाओं एवं बालिकाओं का तुलसी के पौधे को गमले में लगाकर वितरण किया गया और तुलसी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी धर्मावलंबियों से निवेदन किया कि प्रत्येक वर्ष 25 दिसंबर को तुलसी दिवस मनाएं । इसलिए प्रत्येक माह की 25 तारीख को किसी बड़े शहर में विशाल आयोजन रखा जाता है।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापक नरेश चंद्र सैनी, अशोक कुमार मखीजा, रोशन लाल सैनी, रेणुका तिवारी, अशोक शर्मा, पत्रकार राजकुमार गुप्ता, नागराज शर्मा, जय प्रकाश जोशी एवं रितिक शर्मा उपस्थित रहे।

इसके बाद गौरक्षक सम्मान एवं पत्रकार सम्मान का आयोजन ठिकाना गंगा बाग के महंत प्रकाश दास महाराज के मुख्य अतिथित्य में हुआ।

समारोह में सर्व समाज जागृति संघ के संस्थापक अध्यक्ष बृजवासी गौ रक्षक सेना भारत के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा एवं ब्रजवासी गौरक्षक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत धर्मदास महाराज, श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम में पत्रकारों एवं गौरक्षकों को माला एवं दुपट्टा पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# पूर्णिया में खुलेगा बिहार का तीसरा खादी मॉल

## बुनकरों और कारीगरों को मिलेगा नया मंच



**बिहार (हमारा वतन)।** बिहार सरकार द्वारा खादी और ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत पूर्णिया जिले में राज्य का तीसरा खादी मॉल बनाया जा रहा है। यह मॉल पूर्णिया के भट्ठी चौक क्षेत्र में 6.64 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहा है और निर्माण कार्य अब तेजी से अंतिम चरण में है। खादी मॉल तीन मंजिला संरचना में बनेगा और इसका कुल क्षेत्रफल 14,633 वर्गफुट होगा। अब तक लगभग 60% निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और इसे शीघ्र ही आम जनता के लिए खोलने की योजना है। विभाग ने इसकी जानकारी अपने एक्स (पूर्व ट्विटर) हैंडल के माध्यम से भी साझा की है।

इस मॉल में खादी वस्त्रों के अलावा हस्तनिर्मित उत्पाद, ग्रामोद्योग से संबंधित वस्तुएं, हर्बल उत्पाद, प्राकृतिक सौंदर्य प्रसाधन और स्थानीय शिल्पकारों की कलाकृतियां बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी। इससे न केवल बुनकरों और ग्रामीण उद्यमियों को बाजार मिलेगा, बल्कि शहरी ग्राहकों तक ग्रामीण उत्पादों की पहुंच भी बढ़ेगी।

पूर्णिया का यह खादी मॉल पूर्वी बिहार के लिए एक मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे पूर्णिया के साथ-साथ सीमावर्ती जिलों के कारीगरों को भी लाभ पहुंचेगा। गौरतलब है कि इससे पहले पटना और मुजफ्फरपुर में दो खादी मॉल पहले से ही कार्यरत हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि इन खादी मॉलों के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जाएं और खादी उत्पादों की ब्रांडिंग को नई पहचान मिले।



# आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया ने की राज्यपाल से मुलाक़ात

**जयपुर (हमारा वतन)।** नैतिक शिक्षाविद, आध्यात्मिक चिंतक, प्रेरक एवं मार्गदर्शक आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया ने राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े से शिष्टाचार मुलाकात की । पाटोदिया ने राज्यपाल को अपनी संगीत की तीनों विधाओं में प्राप्त उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।

राज्यपाल को जानकर बहुत प्रसन्नता हुई कि 78 वर्ष की आयु में भी पाटोदिया ने कथक नृत्य में विशारद फाइनल परीक्षा में प्रथम श्रेणी एवं विशिष्ट योग्यता Distinction प्राप्त किया है और इस आयु में भी एक परफॉर्मिंग आर्टिस्ट गायन, वादन एवं कथक नृत्य तीनों में पारंगत हैं ।

इनके पुत्र डॉक्टर अमित पाटोदिया ने राज्यपाल को मीरा डेंटल हॉस्पिटल के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर का डेंटल सेटअप है और विदेशों से भी अनेकों मरीज अपने दांतों का इलाज कराने के लिए आते हैं।

# अमावस्या को भाई की समृति में शनि मंदिर में लगाया पीपल का पेड़



**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के सामोद खोल स्थित शनि मंदिर में अमावस्या के दिन अपने भाई की स्मृति में शनि मंदिर में दो पीपल और एक बरगद का पेड़ लगाया। सामोद रोड नीमड़ी निवासी राधा मोहन सैनी ने बताया कि मेरे भाई राकेश की असमय मृत्यु हो गई थी । उसकी स्मृति में हमने यह पीपल का पेड़ लगाया है । हम सभी लोगों से गुजारिश करते हैं कि विशेष दिवस पर पेड़-पौधे जरूर लगाएं। इस दौरान सुरेश चंद्र रोलावण, शंभू दयाल सैनी, पवन सैनी, आयुष्मान सैनी, तन्मय सैनी आदि लोग मौजूद रहे ।

# कारगिल विजय दिवस पर 51 पूर्व सैनिकों का हुआ सम्मान



**जयपुर (हमारा वतन)।** विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में चौमूं स्थित होटल ओसियन ब्लू में सैनिक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन सैनिक प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन श्रीराम शर्मा के नेतृत्व में हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि कर्नल गौतम बनर्जी, विशिष्ट अतिथि कर्नल देवानंद लोहमोड, अति विशिष्ट अतिथि वीरांगना प्रियंका राजावत, थानाधिकारी प्रदीप शर्मा तथा कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी ने की। इस अवसर पर उपस्थित सभी 51 पूर्व सैनिकों को माला, दुपट्टा ओढ़ाकर एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की स्मृति में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान फाउंडेशन के पदाधिकारियों में बनवारी लाल शर्मा, डॉ. रामप्रकाश शर्मा,डॉ. बंशीधर शर्मा, ओमप्रकाश रीडर, सत्य प्रकाश पारीक, मुकेश लालानी, नरेंद्र शर्मा, कैप्टन मोहन शर्मा, सूबेदार जगदीश बुनकर, हवलदार सतीश डटीया, नायक मनोज शर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# जयपुर चॉइस अवार्ड 2025 से नवाजी गई नामचीन हस्तियां



**जयपुर (हमारा वतन)।** गोल्ड इवेंट्स की ओर से गोपालपुरा बायपास स्थित होटल ग्रैंड सफारी में जयपुर चॉइस अवार्ड 2025 का आयोजन किया गया। बेटी फाउंडेशन के सहयोग से हुए इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली नामचीन प्रतिभाओं को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस भव्य सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि सफारी ग्रुप होटल के डायरेक्टर पवन गोयल और पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता रहे ।

गोल्ड इवेंट्स के डायरेक्टर राज शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मॉडलिंग, शैक्षणिक, पत्रकारिता, चिकित्सा सेवा के साथ साथ कला-संस्कृति और संगीत के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

इस मौके पर बेटी फाउंडेशन से राहुल शर्मा, पूजा शर्मा, ममता जायसवाल, डाक्टर गोविंद सिंह, नेहा विजय, पुनीत जांगिड़, करण प्रोडक्शन हाउस के सीईओ अंकेश माथुर, भिंडा रियल एस्टेट के डायरेक्टर नंदकिशोर भिंडा, वेडिंग प्लाननर तपेश जांगिड़, अर्पित दाधीच, सुरेन्द्र चौधरी, सेलिब्रिटी एट्रोलॉजर महावीर सोनी, वैश्वी मल्टीवेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के एमडी अमन वर्मा, मानव अधिकार से बृजेश पाठक, बीएफसी फेस्टिवल की ब्रांड एंबेसडर आंचल पूरी, समाज सेवक और एंटरप्रेन्योर किशोर गीथाला, बॉलीवुड एक्टर मोहित दुबे, कोटा से आई कृष विमेन के रूप में विख्यात सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर एलिस, समाजसेवी पूनम खंगारोत,अजय भूपेश, संपादक नवल किशोर शर्मा, आर रोहित, संपादक अविनाश शर्मा, कोमल चौहान, बेटी फाउंडेशन की ब्रांड एंबेसडर सनाया शर्मा, शहनाज शेख इंटरनेशनल मॉडल, मनोज भिंडा, सेम ओबेरॉय, प्रांशु गोयल, श्याम बिहारी कुम्हेर, रिकी जांगिड़, जे. जे. कश्यप, डॉ. योगिता शर्मा, संपादक राम गोपाल सैनी, मेहुल माथुर ,राकेश गुर्जर,मिताली सोनी, डॉ. रुही चरक, डॉक्टर रितु शर्मा, अभिषेक सिंह कर्णावत, मोहम्मद आसिफ श्याम महावर, बीट्सा राठौर, विक्की जयपुर दरबार, गौरक्षक शेर सिंह कुमावत, संदीप शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने दी-बार एसोसिएशन अध्यक्ष का किया सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** बनीपार्क कोर्ट में दी-बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप लोहड़िया का अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य द्वारा सम्मान किया गया। पंडित आचार्य ने उन्हें बाबा श्याम का दुपट्टा पहनाकर और श्याम कलम भेंटकर आशीर्वाद दिया। इस दौरान उन्होंने बाबा श्याम की कृपा सदैव बनी रहने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक मुद्दों पर विशेष चर्चा भी हुई।

इस अवसर पर कई गणमान्य अधिवक्ता उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से सत्येंद्र सिंह राठौड़ महासचिव, पारिवारिक न्यायालय बार एसोसिएशन, बृजेंद्र सिंह शेखावत, भैरू सेन, प्रवीण वर्मा (कार्यकारिणी सदस्य),चौमूं बार एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष धीरेंद्र सैनी सहित कई लोग उपस्थित रहे ।



## समर्पण संस्था ने वृक्षारोपण कर किया पौधा वितरण

**जयपुर (हमारा वतन)।** प्रत्येक व्यक्ति या परिवार जननी माँ व धरती माँ के नाम दो पेड़ जरूर लगायें,क्योंकि यही जीवन दाता है । जो किसी न किसी रूप हमेशा कुछ देती रहती है । उक्त विचार प्रताप नगर सेक्टर -26 के ज़ोन 265 स्थित पार्क में समर्पण संस्था द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधान आयकर आयुक्त अनिल कुमार जैन ने व्यक्त किये । उन्होंने कहा कि पेड़ ऑक्सीजन का सबसे बड़ा स्त्रोत है । वृक्षारोपण को गंभीरता से लेकर नियमित पेड़ लगाने चाहिए । वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत समर्पण प्रार्थना के साथ की गई जिसे संस्था के कोषाध्यक्ष राम अवतार नागरवाल ने उच्चारित करवाया । संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या ने संस्था गतिविधियों की जानकारी दी । इस दौरान कुल 60 बड़े पेड़ लगाये गये । इसके साथ ही छोटे पौधे उपस्थित नागरिकों को अपने घरों में लगाने के लिए वितरित किये । विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता राकेश जिन्दल व समाजसेवी शंकर लाल शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये ।

अन्य विशिष्ट अतिथि नागरिक विकास समिति की अध्यक्ष माया देवी व समाजसेवी जयन्त कुमार शर्मा, हेमन्त शर्मा, जसवंत सिंह उपस्थित रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था सचिव कमल नयन खण्डेलवाल ने की । स्थानीय समाजसेवी भगवान सिंह ने सभी का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया । मंच संचालन आर्किटेक्ट अंजली माल्या ने किया ।

## सैनी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ संपन्न



**चौमूं (हमारा वतन)।** महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान चौमूं के तत्वावधान में तहसील स्तरीय सैनी समाज प्रतिभा सम्मान समारोह शहर के रींगस रोड स्थित सैनी समाज सभा भवन में आयोजित किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एडिशनल एसपी रघुवीर सैनी ने प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हुए अपने जीवन में विभिन्न सिद्धांतों को उतारने के संदर्भ में प्रकाश डाला।


विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे प्रदेश अध्यक्ष अनुभव चंदेल ने सभी प्रतिभाओं को इसी तरह से आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सभापति विष्णु सैनी ने सभी प्रतिभाओं के साथ उनके अभिभावकों को भी शुभकामनाएं दी।

विशिष्ट अतिथि चीफ कंट्रोलर रेलवे एवं प्रदेश अध्यक्ष सैनी समाज कर्मचारी-अधिकारी संघ सुरेश सैनी, जिला शिक्षा अधिकारी कमलेश सैनी, डॉ. बीनू सैनी,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरजमल ठेकेदार, प्रदेश महामंत्री माली सैनी महासभा घीसालाल सैनी, माली समाज विकास समिति अध्यक्ष हीरालाल पांच्या, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम तंवर, संस्थान कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंगोदिया ने भी विचार व्यक्त किए । स्वागत भाषण महामंत्री डॉ. मान प्रकाश सैनी ने दिया ।

संस्थान अध्यक्ष सुरेश तंवर ने बताया कि समारोह में MO, NEET, FMGE, JEE, राजकीय सेवाओं व बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं का प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया । पधारे हुए सभी अतिथियों, भामाशाहों एवं समाजबंधुओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच का संचालन अमित सैनी ने किया।

इस अवसर पर गोविंद नारायण सैनी पूर्व अध्यक्ष, नानूराम सैनी पूर्व अध्यक्ष, रामचंद्र तूंदवाल, जय नारायण चंदेल, डॉ. कैलाश सिंह जमालपुरिया, डॉ. ओपी कटारिया, डॉ. सुमित्रा सैनी, डॉ. अचला सैनी, डॉ. बी एस सैनी, डॉ. सुभाष सैनी, जगदीश कटारिया, सांवरमल सैनी, कैलाश चांदोलिया, विनोद सिंगोदिया, सतीश कुमार पंवार, महेंद्र इंदौरा, दीपक सैनी, दिनेश कृषि पर्यवेक्षक, गैंदीलाल महार, जय किशन फड्या सहित कई समाजबन्धु मौजूद रहे ।

## डॉ. राहुल शर्मा ऑल इंडिया डेंटल सर्जन एसोसिएशन के उपाध्यक्ष नियुक्त



**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान स्टेट डेंटल काउंसिल (राजस्थान सरकार) के उपाध्यक्ष एवं ऑल इंडिया डेंटल सर्जन एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप तिवारी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में डॉ. राहुल शर्मा को AIDSA के उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया।

इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए चयनित किए जाने पर डॉ. राहुल शर्मा ने डॉ. कुलदीप तिवारी सहित एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डॉ. राहुल शर्मा की यह नियुक्ति संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगी और राज्य के युवा दंत चिकित्सकों को एक सशक्त आवाज मिलेगी।

AIDSA निरंतर देशभर में दंत चिकित्सकों के अधिकार, रोजगार, सम्मान और सेवा शर्तों को लेकर सजग और सक्रिय रहा है। इस नई कार्यकारिणी से संगठन को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## संदीप कुमावत वन एवं पर्यावरण अभियान के चौमूं नगर मंडल के बने संयोजक



**चौमूं (हमारा वतन)।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान पर्यावरण संरक्षण और वन क्षेत्र के विस्तार के महत्वपूर्ण उद्देश्य को लेकर चलाए जा रहे वन एवं पर्यावरण अभियान के संयोजक के रूप में संदीप कुमावत को नियुक्त किया गया है।

वन एवं पर्यावरण अभियान के प्रदेश संयोजक अशोक परनामी, पूर्व विधायक और प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा, जिला अध्यक्ष सुरेश बादलीवाल व अभियान के जिला संयोजक जितेंद्र शर्मा के द्वारा नियुक्ति दी गई है । इस नियुक्ति से चौमूं शहर में पर्यावरण जागरूकता और वृक्षारोपण गतिविधियों को नई गति मिलेगी । साथ ही चौमूं शहर को हरा-भरा बनाना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है। हम सभी के सामूहिक प्रयासों से ही हम इस अभियान को सफल बना सकते हैं।

संदीप कुमावत ने बताया कि शीघ्र ही अभियान की रूपरेखा तैयार की जाएगी और चौमूं शहर के विभिन्न वार्डों में वृक्षारोपण कार्यक्रम और जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी नागरिकों से इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब पूरे देश में एक पेड़ माँ के नाम जैसे अभियान चल रहे हैं और सरकारें भी हरित क्षेत्र को बढ़ाने पर जोर दे रही हैं साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा ।






## जॉब्स

1. इंटेलिजेंस ब्यूरो, पद सिक्योरिटी अस्सिटेंट, पद संख्या 4987, अंतिम तिथि 17 अगस्त 2025
2. भारतीय रेलवे, पद पैरामेडिकल स्टाफ, पद संख्या 434, अंतिम तिथि 8 सितंबर 2025
3. आरएसएमएसएसबी, पद प्लाटून कमांडर, पद संख्या 84, अंतिम तिथि 21 अगस्त 2025
4. राजस्थान हाई कोर्ट,पद पियोन, पद संख्या 5670, अंतिम तिथि 8 अगस्त 2025
5. आरएसएमएसएसबी, पद लैब अटेंडेंट, पद संख्या 54, अंतिम तिथि 9 अगस्त 2025
6. बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ), पद कांस्टेबल ट्रेड्समैन, पद संख्या 3586 अंतिम तिथि 24 अगस्त 2025
7. इंटेलिजेंस ब्यूरो, पद एसीआईओ ग्रेड II/ एग्जीक्यूटिव, पद संख्या 3717, अंतिम तिथि 10 अगस्त 2025
8. इंडियन बैंक, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 1500, अंतिम तिथि 7 अगस्त 2025

## संसद सत्र (कविता)

करदाता ने फर्ज निभाया नेताजी
ही बस भूल गए।
संसद में जाकर वो अपना
कर्ज चुकाना भूल गए।
न समय की कोई अहमियत,
न है उनकी सच्ची नीयत।
शोर शराबों में उलझा कर
भारत जन को भूल गए।
मतदाताओं ने राष्ट्र सौंपा था
शपथ निभाना भूल गए।
भोली भाली जनता के संग
फर्ज निभाना भूल गए।
काला कपड़ा पहन के वो तो
संविधान ही भूल गए।
करदाता के धन से खेले
खुद कर्ज चुकाना भूल गए।
लोकतंत्र की दुहाई देकर स्व
अनुशासन ही भूल गए।
हंगामों में समय व्यर्थ
कर कानून का पालन भूल गए।
अराजकता का दामन थामकर
राजनीति ही भूल गए।
संवैधानिक पद की लेके
प्रतिज्ञा उसे निभाना भूल गए।
नेताजी बन स्वार्थ की खातिर
भारत जन को भूल गए।
आजादी की पावन विरासत
की लाज बचाना भूल गए।
कर दुराचार संसद गरिमा से
माँ भारती की आबरू भूल गए।
लोकतंत्र का हश्र उड़ाया राष्ट्र
प्रथम मंत्र को ही भूल गए।

**-राजेन्द्र आचार्य राजन, भवानीमंडी**

# वयस्कों में रिश्तों और काम को भी प्रभावित कर सकता है एडीएचडी?



एडीएचडी यानी अटेंशन-डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर, यह एक न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर है, जो मुख्य रूप से बच्चों को प्रभावित करता है। मगर शोध बताते हैं कि वयस्क होने पर भी यह किसी के रिश्तों और काम को प्रभावित कर सकता है। एडीएचडी एक दिमाग के विकास से जुड़ी हुई समस्या है। इसे न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर भी कहा जाता है। एडीएचडी में कई लत्क्षण विशेष रूप से दिखाई देते है। इसमें ध्यान लगाने में कमी, अति सक्रियता और बहुत ज्यादा आवेग की आवृत्तियां शामिल हैं। अभी तक ज्यादातर लोगों को यह लगता है कि एडीएचडी सिर्फ बचपन में ही प्रभावित करता है और उम्र बढ़ने के साथ यह अपने आप नियंत्रित होने लगता है। जबकि हाल फिलहाल में आए शोध बताते हैं कि एडीएचडी वयस्क होने पर भी किसी के जीवन को प्रभावित कर सकते हैं। आइए जानते हैं कैसे और कैसे करना है इसे मैनेज।

**एडीएचडी की पहचान**-इसका ज्यादातर पता तभी लगता है, जब बच्चा स्कूल जाने लगता है। बच्चे की कई एक्टिविटी से उसके एडीएचडी डिसऑर्डर होने का पता लगाया जा सकता है। इसमें बच्चा कुछ ऐसी एक्टिविटी करता है, जो आमतौर पर नॉर्मल बच्चे नहीं करते है। जैसे बहुत ज्यादा बोलते रहना और चुप न होना, हर समय उछलते कूदते रहना, पढ़ने में या क्लास लेने में ध्यान न लगा पाना, अपनी बारी का इंतजार न कर पाना, किसी की बात सुने बिना बीच में बोलना, किसी भी चीज में टांग आड़ाना ये लक्षण बताते हैं कि बच्चा एडीएचडी से ग्रस्त है।

**क्या वयस्कों को भी प्रभावित करता है एडीएचडी**-एडीचडी के बारे में ज्यादा जानकारी दी डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव ने। डॉ आशुतोष श्रीवास्तव सीनियर क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट हैं। डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव कहते है कि हां, एडीएचडी (अटेंशन-डेफिसिट/हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर) निश्चित रूप से वयस्क के जीवन को प्रभावित कर सकता है। जबकि यह अक्सर बचपन से जुड़ा होता है, एडीएचडी वयस्कता में बना रह सकता है और व्यक्ति के जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रभावित करना जारी रख सकता है।

**3 तरह का हो सकता है एडीएचडी** -इनअटेंटिव प्रेजंटेशन- इस प्रकार की विशेषता ध्यान बनाए रखने में कठिनाइयों, आसानी से विचलित होने, भूलने की बीमारी, अव्यवस्था और मानसिक ध्यान और संगठन की आवश्यकता वाले कार्यों से जूझना पड़ता है।

# प्रो. उमा कांजीलाल इग्नू की पहली महिला कुलगुरू नियुक्त



**जयपुर (हमारा वतन)।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने प्रो. उमा कांजीलाल को कुलपति (कुलगुरू) के रूप में नियुक्त किया है। यह चार दशकों में पहला मौका है जब इग्नू विश्वविद्यालय में एक महिला की कुलपति (कुलगुरु) के रूप में नियुक्त हुई है।

डॉ. ममता भाटिया वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक, क्षेत्रीय केन्द्र जयपुर ने विश्वविद्यालय के इस फैसले को ऐतिहासिक बताया और कुलपति (कुलगुरु) को क्षेत्रीय केन्द्र जयपुर की तरफ से शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने यह बताया कि कुलपति ने 25 जुलाई, 2025 को कार्यग्रहण किया।

प्रो. उमा कांजीलाल इससे पूर्व समकुलपति एवं कार्यवाहक कुलपति का दायित्व सफलतापूर्वक निर्वाह कर चुकी है। डॉ. ममता भाटिया ने बताया कि कुलपति (कुलगुरू) ने अपने कैरियर की शुरूआत 1984 में रिसर्च अस्सिटेंट आईआईटी कानपुर से की थी। इसके उपरान्त इग्नू में लेक्चरर से लेकर प्रोफेसर तक का 36 वर्षों के अनुभव के साथ सफलतापूर्वक सफर तय किया।

# भगवान सहाय खातोदिया बने यादव महासभा जिला देहात के मीडिया प्रभारी



**चौमूं (हमारा वतन)।** जयपुर जिला देहात यादव महासभा के अध्यक्ष डॉक्टर जगदीश प्रसाद यादव ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए ग्राम पंचायत आलीसर निवासी भगवान सहाय खातोदिया को जयपुर जिला देहात देहात यादव महासभा का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है ।

नियुक्ति पर समाज के लोगों में खुशी की लहर है। वही मीडिया प्रभारी भगवान सहाय खातोदिया ने समाज के पदाधिकारियों का आभार जताया है।

# बॉलीवुड चटकारा





# वाणी कपूर

## को रंग की वजह से नहीं मिली फिल्म एक्ट्रेस ने बताया- फिल्ममेकर को चाहिए थी मिल्की वाइट लड़की; बॉडी शेमिंग भी झेल चुकी हैं



एक्ट्रेस वाणी कपूर इस वक्त अपनी फिल्म 'मंडला मर्डर्स' की वजहों से सुर्खियों में हैं। फिल्म के प्रमोशन के दौरान एक इंटरव्यू में वाणी ने इंडस्ट्री से जुड़े अपने संघर्षों पर बात की है। उन्होंने बताया कि बाहरी लोगों के लिए इंडस्ट्री में एंट्री मिलना बहुत मुश्किल है। खासकर उन महिलाओं को जो इंडस्ट्री की खूबसूरती के पैमाने पर फिट नहीं बैठती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें बहुत पतली होने के कारण बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ा था। इंटरव्यू में, वाणी याद करते हुए बताती हैं कि उन्हें एक फिल्म से निकाल दिया गया था क्योंकि वो गोरी नहीं थीं। हालांकि ये बात सीधे उनसे नहीं कही गई थी। उनके कुछ करीबी लोगों से पता चला कि उस फिल्म के मेकर को लगा कि वो रोल के लिए परफेक्ट नहीं हैं। वो कहती हैं- एक बार एक फिल्ममेकर ने कहा था कि वो इतनी गोरी नहीं हूं कि उस कोई रोल मिल सके। मुझे मिल्की वाइट एक्ट्रेस चाहिए। मैंने भी कहा अगर ये पैरामीटर है तो मुझे भी इस प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं बनना। आप अपने लिए मिल्की वाइट एक्ट्रेस ढूंढिए मैं अपने लिए कोई बेहतर फिल्ममेकर ढूंढ लूंगी।



वाणी ने इसी इंटरव्यू में बॉडी शेमिंग का भी जिक्र किया और बताया कि उन्हें अक्सर कहा जाता है कि वह बहुत पतली हैं और उन्हें वजन बढ़ाना चाहिए। वो कहती हैं- मैं कभी-कभी सुनती हूं कि मैं बहुत दुबली-पतली हूं और मुझे थोड़ा वजन बढ़ाना चाहिए क्योंकि लोगों को भरे हुए शरीर वाली महिलाएं पसंद आती हैं।

# एकता दर्शकों को खुश करने के लिए शोज नहीं बनाती थीं, श्वेता बोलीं- बिना सोए 72 घंटे काम करते थे



***टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने टीवी के दिनों को याद करते हुए बताया कि वो लोग बिना सोए 72 घंटे लगातार शूट करते थे। श्वेता तिवारी ने एकता कपूर की तारीफ करते हुए कहा कि एकता भी ऐसा ही करती थीं।***

स्टार प्लस के शो कसौटी जिंदगी की से घर-घर में प्रेरणा के रूप में अपनी पहचान बनाने वाली श्वेता तिवारी ने उन दिनों को याद किया जब वो डेली सोप्स का हिस्सा हुआ करती हैं। उन्होंने कहा उन दिनों वो लोग बिना सोए 72 घंटों तक लागातर शूट करते थे। श्वेता तिवारी ने एकता कपूर की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि एकता कपूर दर्शकों को खुश करने के लिए शोज नहीं बनाती थीं, वो अपनी खुशी के लिए शोज बनाती थीं।

**बिना सोए काम करती थीं श्वेता तिवारी**

भारती सिंह के साथ खास बातचीत में श्वेता तिवारी ने बताया, हम लोग पूरी इंडस्ट्री में फेमस हैं कि कोई सोता नहीं था। मैं 72 घंटे शूट करती थी। 30 दिन का महीना होता था। , मुझे 45 दिनों का चेक मिलता था। सुबह से शाम 7 बजे एक होता था, शाम 7 से अगले दिन सुबह 7 बजे तक दो होते थे।

# जो भी सजा मिलेगी मंजूर है, मंदिर में फूट-फूटकर रोईं पायल मलिक, काली मां बनने के लिए मांगी माफी



बिग बॉस ओटीटी 3 का हिस्सा रह चुकीं यूट्यूबर पायल मलिक ने उनके एक वीडियो पर विवाद बढ़ने के बाद लोगों से माफी मांगी है। वीडियो में पायल मलिक काली मां का गेटअप लिए नजर आई थीं। मंगलवार को पायल पटियाला के एक काली मंदिर में फूट-फूटकर रोतीं नजर आईं और उन्होंने मां काली से अपनी गलती के लिए सजा मांगी। पायल इस मंदिर में अपने पति अरमान मलिक और बेटी तूबा के साथ पहुंचीं और लोगों की भावनाएं आहत करने के लिए माफी मांगी। तूबा ने काली माता वाला लुक अपनी बेटी के लिए लिया था जो मां काली की भक्त है।

**बेटी तूबा के लिए रीक्रिएट किया था काली लुक**-पायल मलिक ने मीडिया के साथ बातचीत में कहा, मेरी मां काली माता की भक्त है, तो मैंने सोचा कि उसके लिए इस लुक को रीक्रिएट करूं। अब मुझे समझ आ रहा है कि यह बहुत बड़ी गलती थी। मैं साथ जोड़कर सभी से माफी मांगती हूं। उम्मीद करती हूं कि कोई भी ऐसी गलती नहीं दोहराएगा। पायल ने अब इस वीडियो को डिलीट कर दिया है, उन्होंने यह वीडियो 3 महीने पहले बनाया था। हुआ यह कि बहुत से लोगों ने यह वीडियो डाउलोड कर लिया और अब इसे अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर री-पोस्ट कर रहे हैं। पायल ने कहा कि उन्हें अपनी गलती का अहसास तब हुआ जब उन्होंने अपनी वीडियो पर कमेंट पढ़े।

**पायल ने मांगी माफी कहा- जो भी सजा मिलेगी**...पायल मलिक ने कहा, मैंने कमेंट पढ़े, गलती का अहसास हुआ, और इसे डिलीट कर दिया। दुर्भाग्य से कुछ दूसरे पेजों ने इसे सेव कर लिया और अब वो इसे अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर री-शेयर कर रहे हैं। बात पायल मलिक के हालिया वीडियो की करें जिसमें उन्होंने मंदिर पहुंचकर मां काली से माफी मांगी है तो इसमें उनकी आंखों में आंसू साफ देखे जा सकते हैं।

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

# मतदाता सूची में सुधार पर सुप्रीम सहमति सराहनीय

बिहार में मतदाता सूची सुधार पर सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी सिर्फ एक न्यायिक फैसला नहीं, बल्कि लोकतंत्र के मूल्य को पुष्ट करने वाला ऐतिहासिक एवं प्रासंगिक निर्णय है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में मतदाता सूची की समीक्षा के लिए आधार, राशन और वोटर कार्ड को भी मान्यता देने का सुझाव देकर आम लोगों की मुश्किल हल करने की कोशिश की है। इससे प्रक्रिया आसान होगी और आशंकाओं को कम करने में मदद मिलेगी। बेशक, फर्जी नाम मतदाता सूची में नहीं होने चाहिए लेकिन ऐसे अभियानों के दौरान आयोग का जोर ज्यादा से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से निकालने के बजाय, इस पर होना चाहिए कि एक भी नागरिक चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित न रह जाए। विपक्ष को चाहिए कि वह इस फैसले को राजनीतिक हार न माने, बल्कि इसे एक अवसर माने, जनविश्वास अर्जित करने का, लोकतंत्र में आस्था बढ़ाने का और सबसे जरूरी, राष्ट्रहित को राजनीति से ऊपर रखने का। मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य केवल बिहार ही नहीं, देश के अन्य राज्यों में प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ करना चाहिए। भारतीय लोकतंत्र में सुप्रीम कोर्ट का निर्णय सर्वोपरि होता है। चुनाव आयोग यदि चुनाव कराने को तैयार है, और इसकी जुड़ी किन्हीं प्रक्रियाओं में कोई त्रुटि या खामी है तो उसका सुधार करना संविधान सम्मत है, तो फिर इस पर प्रश्नचिन्ह लगाने का अधिकार किसी भी राजनीतिक दल को नहीं होना चाहिए। लेकिन जो प्रश्न जनता के मानस को उद्वेलित करता है, वह यह है कि विपक्ष बार-बार चुनावी प्रक्रियाओं, राष्ट्रीय हितों या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी एकमत होकर विरोध करता है, आखिर क्यों? बिहार में एसआईआर को लेकर जो याचिकाएं और बहसें सामने आई, उनमें एक प्रमुख तर्क यह था कि समय उपयुक्त नहीं है, सरकार अस्थिर है, या सामाजिक समीकरण तैयार नहीं हैं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जनता को प्रतिनिधित्व देने का अधिकार सर्वोपरि है। लेकिन त्रुटिपूर्ण या फर्जी मतदाता सूची से चुनाव कराना भी लोकतंत्र का अपमान है। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि देर-सवेर नहीं, संवैधानिक कर्तव्य को समय पर निभाना जरूरी है। अदालत ने एसआईआर पर कोई आदेश नहीं दिया है, लेकिन अपने इरादे की ओर इशारा तो कर ही दिया है। अदालत ने टाइमिंग को लेकर जो सवाल उठाया, वह उचित प्रतीत होता है। बिहार में इसी साल के आखिर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में इतनी विस्तृत कवायद के लिए शायद उतना वक्त न मिल पाए, जितना मिलना चाहिए। बिहार में एसआईआर को लेकर जो असमंजस है, उसकी एक वजह निश्चित ही टाइमिंग है। जिनके पास जरूरी डॉक्युमेंट नहीं हैं, वे इतनी जल्दी उनका इंतजाम नहीं कर पाएंगे। हालांकि आयोग ने भरोसा दिलाया है कि किसी भी व्यक्ति को भी अपनी बात रखने का मौका दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा। वैसे बिहार में चुनाव को देखते हुए ही फर्जी मतदाताओं की संख्या बढ़ी या तथाकथित राजनीतिक दलों ने इन फर्जी मतदाताओं को बढ़ाया है। ऐसे में इन फर्जी मतदाताओं पर कार्रवाई अपेक्षित है। यह मामला केवल बिहार तक सीमित नहीं रहना चाहिए। दूसरे राज्यों में मतदाता सूचियों की समीक्षा किस तरह होगी, यह बिहार में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर निर्भर करेगा। ऐसे में स्वाभाविक ही नजरें इस बात पर टिकी हैं कि सुप्रीम कोर्ट में आखिरकार इस प्रक्रिया का कैसा स्वरूप तय होता है?भारतीय राजनीति में विपक्ष का कार्य सरकार की नीतियों पर निगरानी रखना है।



राम गोपाल सैनी

# स्वीट वोईस मूक-बधिर महाविद्यालय में मनाया कारगिल दिवस



**जयपुर (हमारा वतन)।** ग्राम पंचायत आलीसर के चारणवास स्थित स्वीट वोईस मूक-बधिर एवं बौद्धिक दिव्यांग विशेष विद्यालय तथा शिक्षक-प्रशिक्षण महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में श्रद्धांजली सभा में कारगिल युद्ध में शहीद हुए अमर जवानों को श्रद्धांजलि दी गई । संस्था निदेशक अजीत सिंह पालावत तथा सह निदेशक प्रदीप सिंह सहित सभी अध्यापकगणों ने अमर शहीदों को श्रद्धांजलिस्वरुप पुष्प अर्पित किए।

मुख्य वक्ता के रूप में सह निदेशक प्रदीप सिंह पालावत ने कारगिल विजय के हीरो विक्रम बत्रा की वीरता के बारे में बच्चों को जानकारी दी और किस प्रकार अंतिम समय तक घायल होने के बाद भी वे दुश्मनों का मुकाबला करते रहे।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अंबुज कुमार शर्मा, प्राध्यापक जगदीश प्रसाद, शिवलाल सैनी, विजय सिंह कृष्णकांत, विंध्य कुमार के साथ स्कूल प्रधानाचार्य भागीरथ सिंह, अध्यापक प्रदीप कुमार, बृजराज पटेल, सीताराम यादव, सीमा शर्मा, अनीता वर्मा, अनीता सैन आदि उपस्थित रहे।

# श्री कृष्ण महिला छात्रावास परिसर में किया पौधारोपण

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील स्थित श्री कृष्ण महिला छात्रावास परिसर में पौधारोपण किया । जयपुर जिला यादव महासभा के जिला अध्यक्ष डॉक्टर जगदीश प्रसाद खातोदिया ने कहा कि पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षों का बचाना आवश्यक है । इसके लिए हमें सामूहिक रूप से प्रयास करने चाहिए। सभी सदस्यगणों से आव्हान किया कि वह अपने आस- पास एक-एक पौधा अवश्य लगाएं।

यह बात जिला यादव महासभा के अध्यक्ष डॉक्टर खातोदिया अमावस्या के दिन अशोक के पेड़ों के पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस दौरान महिला छात्रावास में पहुंचकर तीसरी मंजिल के निर्माण कार्य का अवलोकन भी किया ।

इस दौरान जयपुर जिला यादव महासभा के कोषाध्यक्ष भीम सिंह ठेठवाल, राम चंद्र भोमका , बालू राम काकोडिया, मदन यादव, सीए लालचंद यादव, हरि यादव सहित कई सदस्य उपस्थित रहे ।






# विधायक मनीष यादव की अनुशंसा पर 208.50 लाख रुपये की दो नवीन सड़कें हुई स्वीकृत



**शाहपुरा (हमारा वतन)।** शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में अधोसंरचना विकास को लेकर एक और बड़ी उपलब्धि सामने आई है। क्षेत्रीय विधायक मनीष यादव के सतत प्रयासों और अनुशंसा पर बजट वर्ष 2024-25 की घोषणा के अंतर्गत पूर्व में 10 करोड़ रुपये की नॉन पेचेबल/मिसिंग लिंक सड़कें एवं 2 करोड़ रुपये की अटल पथ परियोजना पहले ही स्वीकृत हो चुकी थी।

इसी कड़ी में अब क्षेत्र के लिए 2.70 किलोमीटर दूरी की दो और नवीन सड़को हेतु कुल 208.50 लाख रुपये की स्वीकृति जारी कर दी गई है। स्वीकृत सड़कों में नायन नदी से मेहरा की ढाणी तक 0.45 किमी लंबी सड़क, जिसकी लागत 83.50 लाख रुपये तथा बड्डी की ढाणी गोविंदपुरा बासड़ी स्कूल से खेजरोली रोड बुरोला तक 2.25 किमी लम्बी सड़क के लिए 125 लाख रुपये की स्वीकृति जारी की गई है।

इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुविधा बेहतर होगी और ग्रामीण विकास को नई गति मिलेगी । क्षेत्रवासियों ने भी विधायक के इस प्रयास के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसे एक प्रभावी और दूरगामी निर्णय बताया है।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादक: सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।